महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रक में लोड प्लास्टिक की पानी टंकी छुपाकर ले जा रहे थे गांजा

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में कोमाखान थाना पुलिस ने टेमरी में वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 2 क्विंटल 60 किलों गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को शाम 5 बजे के करीब कोमाखान थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान फारेस्टनाका एनएच 353 काली मंदिर के पास टेमरी के पास एक ट्रक क्रमांक डब्लू 23 सी 5236 रोकने पर ड्राईवर एवं हेल्पर वाहन किनारे खड़ी करने के बहाने ट्रक खड़ी कर मौके से अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गए। उक्त ट्रक में 20 नग प्राईम कंपनी के प्लास्टिक के पानी टंकी लोड था जिसमें 2 टंकी में 2 क्विंटल 60 किलों गांजा रखा हुआ मिला। जिसकी अनुमानित कीमत 52 लाख रुपये आंकी गई है। एवं गाड़ी का आरसीबुक जो रमाकांत पाण्डेय के नाम पर है जिसे पुलिस ने जब्त कर ड्राईवर एवं हेल्पर के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध कामय कर मामला दर्ज कर लिया है।

एचआर, कुक एवं हाउस कीपिंग के 225 पदों के लिए 14 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

रायपुर (आरएनएस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 जुलाई को रोजगार कार्यालय रायपुर, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जी.ई. रोड, रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी, रायपुर ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक विनायका जॉब्स कन्सलटेंट, रायपुर द्वारा एम.बी.ए. (एच.आर.) के 100 पदों पर एम.बी.ए. (एच आर.) उत्तीर्ण की भर्ती की जानी है। इसी तरह इण्डियन कुक के 50 तथा हाऊस कीपिंग के 75 पदों पर अनुभवी अभ्यर्थियों की भर्ती की जानी है। इस तरह 225 पदों पर भर्ती की जा रही है। इन पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि 14 जुलाई को अपनी शैक्षणिक एवं तकनीकी शिक्षा तथा अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपस्थिति होकर प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

नवजात शिशु का शव तालाब में मिला,जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। महाराज बंद तालाब में एक नवजात शिशु (बालिका)का शव फेंकने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच पंचनामाकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 18 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार किलेवाला बाबा के पास ब्रम्हपुरी पुरानीबस्ती निवासी दिनेश निषाद 28 वर्ष पिता भीखम निषाद ने पुरानीबस्ती थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 11 जुलाई को सुबह 9.30 बजे प्रार्थी अन्य लोगों के साथ मिलकर पुरानीबस्ती स्थित महाराजबंद तालाब की साफ-सफाई के लिए आए थे,इसी दौरान एक नवजात शिशु (बालिका)का शव पानी में उफनी दिखाई दिया। जिसे तालाब से निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। किसी अज्ञात व्यक्ति ने बच्चे की पैदाइश छिपाने की नियत से जानबूझकर बच्ची का शव महाराज बंद तालाब के पानी में फेक दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कर जांच में लिया है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जनजाति सलाहकार परिषद की बैठक 16 जुलाई को

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है।

विकास में कोई भी पीछे न छूटे : भूपेश बघेल

» मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सतत विकास लक्ष्य संचालन समिति की प्रथम बैठक

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार का विकास एजेण्डा और राज्य सरकार की योजनाएं संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा अपनाए गए सतत विकास लक्ष्य से जुड़ी हुई हैं। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि विकास में कोई भी पीछे न छूटे। राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में सतत विकास लक्ष्य की समीक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) संचालन समिति की प्रथम बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। संयुक्त राष्ट्रसंघ महासभा द्वारा अपनाए गए सतत विकास लक्ष्यों में गरीबी खत्म करना, पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक असमानता को कम करना और सभी के लिए शांति और न्याय सुनिश्चित करना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं यथा मध्यान्ह भोजन, मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना, सर्वभौमिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली, हाट बाजार एवं मोहल्ला क्लीनिक योजना, महतारी जतन योजना, राजीव गांधी किसान न्याय, सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों के उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने सतत् विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य योजना आयोग द्वारा तैयार किये गये ''स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क'' तथा उस पर आधारित ''बेसलाईन एवं प्रोग्रेस रिपोर्ट 2020'' का विमोचन किया। उन्होंने बैठक में विभागों को सतत् विकास लक्ष्य प्राप्ति हेतु तेजी से काम करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग द्वारा तैयार किये गये 'स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क' से लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सुनियोजित रुप से मूल्यांकन, अनुश्रवण और अनुशीलन किया जा सकेगा, जिससे विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कसावट आयेगी और राज्य की रैंकिंग में सुधार होगा। इस फ्रेमवर्क में 17 लक्ष्यों के मूल्यांकन हेतु 275 इंडिकेटर्स का निर्धारण किया गया है। फ्रेमवर्क में प्रत्येक इंडिकेटर को विभागों के साथ मैप किया गया है साथ ही विभिन्न योजनाओं की भी मैपिंग की गई है। योजना आयोग द्वारा तैयार किये गए प्रत्येक एस.डी.जी. लक्ष्य हेतु इंडिकेटर्स से सभी लक्ष्यों की समयाबद्ध पूर्ति में विभागों को सहायता मिलेगी तथा व्यवस्थित रुप से मूल्यांकन भी संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना आयोग के स्तर पर एस.डी.जी. सेल गठित करने के प्रस्ताव पर विचार करने की सहमति दी।

बघेल ने कहा कि स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क के तर्ज पर जल्द ही डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क का भी निर्धारण किया जाएगा, जिससे सभी जिलों को उनके परफॉरमेंस के आधार पर रैंकिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा हाल में ही ''एस.डी.जी. इंडिया इंडेक्स'' जारी किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ ने 61 अंक हासिल कर ''परफार्मर'' राज्य की श्रेणी में स्थान बनाया है। राज्य ने लैगिंक समानता में पूरे देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 सितम्बर 2015 को संयुक्त राष्ट्र महासभा की 70 वी बैठक में सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.)को अंतराष्ट्रीय समुदाय द्वारा अपनाया गया। जिसमें 17 गोल 169 लक्ष्य एवं 231 इन्डिकेटर को स्वीकृत करते हुये सतत विकास के कार्यक्रम को प्रारंभ करने का संकल्प लिया गया। हमारा देश भारत भी इसके लिये संकल्पित है।

दहेज प्रताड़ना, नवविवाहिता को ले जाने 10 लाख रुपए की मांग

कोरबा (आरएनएस)। ससुराल में पति समेत सभी ससुरालियों की ओर से दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने से परेशान एक नवविवाहिता मायके में आ गई। जिसे ले जाने के लिए ससुरालीजनों ने 10 लाख रुपए की मांग की। इसके बाद पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर लिया है। कुसमुंडा के आदर्शनगर निवासी शांतिलाल पाटले की बेटी मंजूलता की शादी करीब डेढ़ साल पहले बरबसपुर के संजय कुमार हरवंश से हुई। पुलिस के मुताबिक शादी से दो दिन पहले ही दूल्हे ने बुलेट मांगी। कन्यादान करते हुए परिवार ने अन्य सामान व जेवरात के साथ बुलेट भी दी। शादी होकर मंजूलता ससुराल पहुंची तो वहां 3-4 दिन बाद उसके पति संजय, सास करन बाई, ननंद रितू, देवर अजय, डेढसास उमा मिश्रा, ससुर रेशम लाल दहेज में 10 लाख रुपए मांगकर लाने को कहते हुए प्रताड़ित करने लगे। खाना बनाना नहीं आता, चरित्रहीन कहने के अलावा अन्य बहाने से मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात करा दिया गया। बीमार पड़ने पर भी अस्पताल नहीं ले जाया गया। इस कारण 8 माह पहले मंजूलता के पिता शांतिलाल और भाई संदीप कुमार उसके ससुराल पहुंचे। जो उसे इलाज कराने ले गए। इसके बाद से मंजूलता मायके में थी। जहां कई बार पति संजय समेत ससुराल के लोग पहुंचे। जो उसे वापस ससुराल ले जाने के लिए 10 लाख रुपए की मांग करने लगे। परेशान होकर मंजूलता ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई।

छत्तीसगढ़ में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था हो रही मजबूत

» गौठानों में खाद उत्पादन, सब्जी-भाजी, कुक्कुट, बटेर पालन से महिलाओं को मिल रहा लाभ

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के फैसलों ने प्रदेशवासियों में नई आशा और उत्साह भर दिया है। किसानों, आदिवासियों, गरीबों मजदूरों सहित सभी वर्गों के हित में उठाए जा रहे कदमों से जहां छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। वहीं पुरखों के सपनों के अनुरूप समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ गढ़ने का सपना साकार हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने सबसे पहले किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए समर्थन मूल्य में धान खरीदी, कर्जमाफी और सिंचाई कर की माफी का वादा निभाया, इसके चलते खेती से विमुख हो रहे लोगों ने फिर से खेती की ओर रूख किया। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की मजबूती के लिए सुराजी गांव योजना के तहत नरवा, गरवा, घुरवा और बारी के संवर्धन के कार्यों का संचालन किया जा रहा है।

जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के आदर्श गौठान खोखरा में गांव की महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य गौठान को अपने आर्थिक स्वालंबन के लिए व्यवसायिक गतिविधियों के केन्द्र के रूप में विकसित कर रहीं हैं। ग्राम पंचायत खोखरा के सरपंच राधे थवाईत ने बताया कि सागर स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार किया है। जिसे उद्यान विभाग की नर्सरी के लिए और किसानों द्वारा खरीदा गया है। रासानिक खाद की तुलना में वर्मी कंपोस्ट खाद ज्यादा लाभ दायक है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। गांव में ही वर्मी खाद उपलब्ध होने से जैविक खेती को प्रोत्साहन मिला है। गौठान से लगे 25 डिसमिल चारागाह की भूमि में मवेशियों के लिए चारा भी लगाया गया है। गांव की पुरानी परंपरा के अनुसार ग्रामीणों की आम सहमति से खरीफ फसल की सुरक्षा के लिए मवेशियों को गौठान में संरक्षित करने के लिए रोका-छेका का निर्णय लिया गया है। थवाईत ने बताया कि वैष्णो देवी स्व-सहायता समूह द्वारा सब्जी उत्पादन और अन्य समूहों द्वारा मशरूम उत्पादन और बटेर पालन किया जा रहा है। इसके अलावा कुक्कुट पालन भी प्रारंभ किया गया है।

राज्यपाल का चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया सम्मान

» जो व्यक्ति सकारात्मक रहता है उसे अवश्य सफलता मिलती हैः सुश्री उइके

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके का आज राजभवन में स्व.चंदूलाल चंद्राकर स्मृति मेडिकल कॉलेज दुर्ग के विद्यार्थियों और पालकगण ने सम्मान किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि जो व्यक्ति जीवन में सकारात्मक रहता है उसे अवश्य सफलता मिलती है। हमेशा सकारात्मक भाव रखें, कभी भी नकारात्मक ना रहे। यह बात सुश्री उइके ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को विद्यार्थियों की समस्याओं की पहल के लिए धन्यवाद दिया।

राज्यपाल ने कहा कि मुझे अलग-अलग दायित्व के रूप में काम करने का अवसर मिला। जब से मैने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल का दायित्व संभाला है, जो भी मेरे समक्ष राजभवन आया है उसे न्याय दिलाने की हरसंभव कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा कि चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी मेरे समक्ष आए तो मैं उनकी भावनाओं को समझा और उनकी मदद करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उनकी समस्याओं को जानने के बाद मैंने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री को विभिन्न माध्यमों से आग्रह किया कि विद्यार्थियों की समस्या को गंभीरता से ले और समाधान करें। शासन ने इसके अधिग्रहण के लिए घोषणा की थी परंतु प्रक्रियाओं के चलते विलंब हो रहा था। तब मैने शासन के अधिकारियों से इस संबंध में बात किया और जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जिससे शासन ने जल्द कार्रवाई की।

विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल के तौर पर पालकगण ने राज्यपाल का धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्यपाल की अत्यंत संवेदनशीलता और समर्पण भाव के कारण विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित हो गया। शासन ने उक्त कॉलेज के विद्यार्थियों को अन्य शासकीय मेडिकल कॉलेज के सीटों में पुनः आबंटन करने की सहमति दे दी है। न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने की संभावना है। साथ ही आशा है कि नेशनल मेडिकल कॉन्सिल भी इस विषय में सहमति दे देगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या पर चंदूलाल चंद्राकर निजी चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित थे।

40 प्रतिशत यात्री किराये में वृद्धि की मांग को लेकर यातायात महासंघ ने दिया धरना

रायपुर (आरएनएस)। डीजल एवं जीएसटी कर सहित अनेक मुद्दों पर यातायात महासंघ द्वारा यात्री किराये में 40 प्रतिशत वृद्धि की दर को लेकर विगत 29 मई से विभिन्न चरणों में आंदोलन जारी है। आज यातायात महासंघ के सदस्यों ने बूढ़ापारा धरनास्थल उक्त मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली संरक्षक गुरुचरण सिंह होरा एवं संरक्षक नरेंद्र पाल सिंह गरचा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया। देश के अन्य राज्यों यथा मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र एवं उत्तरप्रदेश सरकार ने वहां के बस ऑपरेटरों की मांग को स्वीकार करते हुए 25 से 30 प्रतिशत वृद्धि की है जबकि छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन मंत्री द्वारा ज्ञापन सौंपने के बाद भी अब तक मांगें पूर्ण नहीं की गई है। अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से बारंबार यात्री किराये में वृद्धि की मांग को लेकर ज्ञापन के जरिए राहत देने की मांग की है। बावजूद इसके अभी तक मांग पूर्ण नहीं हुई है।

राज्यपाल की पहल से बलरामपुर जिले की दिव्यांग बेटी का होगा इलाज

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में श्रीमती फुलमनिया ने अपनी दिव्यांग बेटी शशिप्रभा के साथ मुलाकात की। राज्यपाल को मीडिया के माध्यम से बलरामपुर जिले के एक छोटे से गांव करकली में रहने वाली सात वर्षीय शशिप्रभा के बारे में जब पता चला कि वह चलने फिरने और बोलने में असमर्थ है और सरगुजा में उसका इलाज नहीं हो पा रहा है। तब उन्होंने स्वतः संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन बलरामपुर को शशिप्रभा को उसके परिजनों के साथ राजभवन भिजवाने के निर्देश दिए। ताकि यहां के चिकित्सकों से

परामर्श लेकर उसका इलाज कराया जा सके। शशिप्रभा के पिताजी की मृत्यु हो चुकी है और उनकी आर्थिक हालत अच्छी नहीं है, इसलिए राज्यपाल सुश्री उइके ने उसकी मां और साथ में आई मौसी श्रीमती कांता को आश्वासन दिया कि उनकी बेटी का हरसंभव इलाज कराया जाएगा। राज्यपाल की सहृदयशीलता से श्रीमती कांता और श्रीमती फुलमनिया की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने कहा कि हमने सोचा भी नहीं था कि रायपुर आकर हमारी बेटी का इलाज हो सकेगा। उन्होंने राज्यपाल को इसके लिए तहे दिल से धन्यवाद दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मान-नीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवती श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित शिविर कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल निवेरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

तालाब में डूबने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

कोरबा (आरएनएस)। बालकोनगर थानांतर्गत ग्राम पंचायत रुक्बहरी के बडक़ाचुआ तालाब में देर शाम वृद्ध की तैरती लाश मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल के चीरघर भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम रुक्बहरी थाना बालकोनगर निवासी सीताराम यादव उम्र 70 वर्ष पिता स्व.टिकैत राम यादव कल दोपहर 12 बजे के लगभग अपने पुत्र बाबूलाल यादव उम्र 42 तथा बहू को यह बताकर घर से

निकला कि वह नहाने के लिए बडक़ाचुआ तालाब जा रहा है। गांव के किनारे स्थित तालाब में नहाने जाने के लिए निकला। सीताराम यादव अपरान्ह 4 बजे तक जब वापस घर नहीं लौटा तो उसके पुत्र एवं पुत्रवधु को उसकी चिंता हुई। जिसके बाद बाबूलाल यादव अपने अन्य पड़ोसियों के साथ अपने पिता को खोजने के लिए तालाब गया। लेकिन वहां भी उसके पिता के संबंध में कुछ भी जानकारी नहीं मिली। हालांकि उसके कपड़े तालाब किनारे पड़े हुए थे। जिसके बाद बाबूलाल घंटों अपने पिता की खोजबीन में परेशान रहा। किसी भी तरह की जानकारी नहीं मिलने के कारण बाबूलाल एवं उसका परिवार घंटों खोजबीन करने के दौरान काफी परेशान हो गए।

इसी बीच उसके पड़ोस में रहने वाली मुंहबोली चाची इतवारा बाई देर शाम को जब तालाब की ओर गई तो देखी कि सीताराम यादव की लाश तालाब में तैर रही है। जिसके बाद वह भागे-भागे बाबूलाल के घर पहुंची और उसे इसकी जानकारी दी। बताया जाता है कि बाबूलाल अपने पड़ोसियों के साथ तालाब पहुंचकर अपने पिता को निकाला और उसे जिंदा होने का अंदेशा होने पर 108 वाहन को जानकारी देकर बुलवाया। जिसमें उसे लेकर देर शाम 7 बजे के लगभग जिला अस्पताल पहुंचा। वहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के वार्ड ब्वाय की सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर आज सुबह मृतक के शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। जहां पीएम के उपरांत चिकित्सक ने मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए उसके पुत्र को सुपुर्द कर दिया।